तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

09 आधी रात खण्डसरा चौकी पहुंचे एसपी बंसल, जांची...



10 छह गांवों में जल अर्पण, ग्रामीणों ने लिया जल...



खबर संक्षेप

अवैध शराब बिक्री पर पुलिस की कार्रवाई, पांच आरोपी गिरफ्तार



बेमेतरा। जिले में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ सिटी कोतवाली बेमेतरा, परपोड़ी और बेरला पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 51 पौवा देशी प्लेन, मसाला एवं अंग्रेजी शराब,9,180 एमएल जिसकी कीमत 4,860 रुपये बताई गई है, बरामद की। इसके अलावा शराब बिक्री से प्राप्त 1,040 रुपये नगद भी जब्त किए गए। जब्त सामान की कुल कीमत करीब 5,900 रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिलने पर जिले के विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गई। सिटी कोतवाली क्षेत्र में ग्राम बीजाभाठ स्थित बिरयानी सेंटर से आशीष चौहान को पकड़ा गया। वहीं परपोड़ी में आईटीआई के पास, कांजी हाउस के पास तथा शराब भट्ठी के पास कार्रवाई करते हुए प्रशांत सोनी, अमजद खान और आरिफ मोहम्मद को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया। इसी तरह बेरला थाना क्षेत्र में सोरला चौक स्थित देवांगन फल सेंटर के बाजू रोड किनारे से राजेन्द्र देवांगन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ ▶▶| शेष पेज 09 पर

महिलाओं का सम्मान, युवाओं को 49.97 लाख के मिनी स्टेडियम की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

आंगन मिलन कार्यक्रम में मंत्री बघेल ने किया लोकार्पण, खेल प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने दिखाया उत्साह

सेवा संकल्प अभियान के तहत नवागढ़ में आयोजित आंगन मिलन कार्यक्रम महिलाओं के सम्मान और युवाओं के लिए खेल सुविधाओं की सौगात के नाम रहा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल ने 49.97 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित मिनी स्टेडियम का लोकार्पण किया। वहीं जलेबी दौड़, मटका फोड़, रस्साकशी, कुर्सी दौड़, कंचा-चम्मच दौड़ और फुगड़ी जैसी प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने उत्साह से हिस्सा लिया। विभिन्न विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली महिलाओं को 11-11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया।



महिलाएं परिवार और समाज की नींव : बघेल

मंत्री बघेल ने कहा कि महिलाओं के कल्याण और उत्थान के बिना समाज और देश का विकास अधूरा है। महिलाएं परिवार और समाज की नींव हैं। केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि बेटियों के जन्म से लेकर उनके विवाह तक सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनके साथ खड़ी है। मंत्री ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि गरीबों को एक रुपए में चावल, किसानों को बिना ब्याज कृषि ऋण, महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना, किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी तथा जरूरतमंदों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना से प्रदेश की 70 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ मिलने की बात कही।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई। मंत्री बघेल ने बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा गर्भवती माताओं की गोद भराई कर उन्हें पोषण किट प्रदान की। नौनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना और महिला कोष योजना के तहत पात्र बालिकाओं एवं महिलाओं को प्रमाण पत्र, चेक और सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में आंगन बाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और ग्रामीण महिलाओं के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं हुईं। रस्साकशी से लेकर कुर्सी दौड़ और मटका फोड़ तक महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं के दौरान दर्शकों ने तालियों से प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। प्रथम स्थान प्राप्त ▶▶| शेष पेज 09 पर

'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत कांग्रेस की पत्रकारवार्ता

मतदाता सूची से नाम काटकर लोकतंत्र का गला घोंट रही भाजपा सरकार : चौबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से शनिवार को राजीव भवन में पत्रकारवार्ता आयोजित की गई। पत्रकारवार्ता में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे ने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर केंद्र सरकार एवं चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा शासनकाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका पर सवाल उठाते हुए चौबे ने कहा कि लोकतंत्र के साथ हो रहे इस कथित खिलवाड़ के पीछे निर्णय लेने वाले लोगों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए। चौबे ने कहा कि संविधान सभा के नेताओं ने देश के नागरिकों को मताधिकार देकर अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार दिया था। लेकिन आज चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची को लेकर जिस तरह के सवाल उठ रहे हैं, वे लोकतांत्रिक व्यवस्था के ▶▶| शेष पेज 09 पर

- एसआईआर लागू होने के बाद हुए चुनाव रद्द कर पुरानी मतदाता सूची बहाल करने की मांग



निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल : छाबड़ा

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने भी निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर जनता के बीच संदेह पैदा हो रहा है। छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस इस मामले को लेकर आम जनता के बीच जाएगी और मताधिकार के प्रति जागरूक करेगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की ओर से 2 से 8 अक्टूबर तक 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान मतदाता सूची में नाम, मतदान के अधिकार और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े विषयों पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। छाबड़ा ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है और मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की अनियमितता की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। पत्रकारवार्ता के दौरान पूर्व संसदीय सचिव एवं नवागढ़ के पूर्व विधायक गुरुदयाल बंजारे, जिला किसान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मंगत साहू, जिला सेवादल अध्यक्ष दिनेश पटेल, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष कविता साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ईवीएम को लेकर भी उठाए सवाल

चौबे ने पूर्व में ईवीएम को लेकर उठे सवालों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ईवीएम में गड़बड़ी के आरोपों की स्पष्ट जांच नहीं हो पाई है। कांग्रेस अब लोकतंत्र और मताधिकार से जुड़े मुद्दों को लेकर देशभर में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि अभियान के माध्यम से आम लोगों को मतदाता सूची, मतदान के अधिकार और चुनावी प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया जाएगा। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए चौबे ने केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर भी आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि रेलवे, कॉरिडोर, कारखानों और खदानों को लेकर सरकार की नीतियों पर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के चंदे को लेकर भी आरोप लगाए और कहा कि इन मामलों में पारदर्शिता आवश्यक है।

खेत की बाड़ी में गांजा छिपाकर बेचने की तैयारी, 18 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा। मादक पदार्थों की अवैध बिक्री के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत साइबर सेल और चौकी देवरबीजा पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम कंदई में दबिश देकर गांजा बिक्री के लिए छिपाकर रखने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3 किलो 392 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत करीब 61,056 रुपए है, तथा 200 रुपए नकद जब्त किए हैं। जब्त सामग्री की कुल कीमत 61,256 रुपए बताई गई है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार 3 अक्टूबर 2026 को चौकी देवरबीजा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कंदई निवासी नेमसिंह पटेल अपने खेत की बाड़ी स्थित मोतेसरा खार में गांजा बिक्री के लिए रखे हुए है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने के बाद उनके मार्गदर्शन में साइबर सेल एवं चौकी देवरबीजा की संयुक्त टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। मौके पर पुलिस ने नेमसिंह पटेल पिता विष्णु पटेल, उम्र ▶▶| शेष पेज 09 पर

- देवरबीजा पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई, 3.392 किलो गांजा व नकदी समेत 61,256 रुपए का माल जब्त





आरोप: ग्राम गड़ई में समाज के लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन, जुटी भारी भीड़

तुकाराम के खिलाफ उनके ही समाज ने खोला मोर्चा, विरोध में किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कहने को तो तुकाराम चन्द्रवंशी कांग्रेस के युवा नेता हैं और एक विपक्षी दल के युवा नेता होने के नाते उनके निशाने पर हमेशा शासन-प्रशासन होता है।

तुकाराम चन्द्रवंशी मुख्य रूप से जिले की कवर्धा तथा पंडरिया विधानसभा के अलावा अब प्रदेश के दूसरे जिलों में भी सक्रिय नजर आ रहे हैं, कभी कथित निर्माण कार्यो की गुणवत्ता को लेकर, तो कभी शासन की योजनाओं में धांधली और भर्राशाही को लेकर, तो कभी जनमानस से जुड़ी समस्याओं को लेकर वे सुर्खियों में रहते हैं और शासन-प्रशासन पर गजरते तथा बरसते हुए सोशल मीडिया रील पोस्ट करते रहते हैं। कुछ लोगों को उनकी यह कार्य शैली और अंदाज पसंद आता है और कुछ लोगों को यह न गवार गुजरता है। हैरानी की बात यह है कि तुकाराम चन्द्रवंशी की यह कार्यशैली उनके ही समाज के लोगों को पसंद नहीं आ रही है और समाज के लोगों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को समाज के सैकड़ों लोगों ने ग्राम गड़ई में तुकाराम चन्द्रवंशी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान समाज के लोगों ने तुकाराम चन्द्रवंशी के सामाजिक बहिष्कार तक की मांग कर डाली। खबर तो यहां तक है कि इन सामाजिक लोगों में कई कांग्रेस के भी कार्यकर्ता व पदाधिकारी हैं।

हालांकि यह पहली मर्तवा नहीं है जब तुकाराम चन्द्रवंशी का विरोध हुआ हो। इससे पहले भी वे कई बार सामाजिक लोगों, प्रशासनिक अधिकारियों, राजनैतिक दलों, ठेकेदारों, महिलाओं के निशाने पर आ चुके हैं। ये अलग विषय है कि इन तमाम विरोधों के बाद भी तुकाराम चन्द्रवंशी की सेहद पर कोई फर्क नहीं पड़ा है और उनकी रील अब भी सोशल मीडिया पर खूब दौड़ रही है।

देखने वाली बात होगी की इस बार का सामाजिक विरोध उनकी सेहद पर कितना फर्क डाल पाता है। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से चन्द्रनाहू कुर्मी समाज के जिलाध्यक्ष सतीश चन्द्रवंशी, कांग्रेस नेता और विधायक प्रत्याशी रहे नीलू चन्द्रवंशी, रूपेश चन्द्रवंशी, सियाराम चन्द्रवंशी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



समाज के लोगों ने लगाए कई गंभीर आरोप

विरोध प्रदर्शन के दौरान समाज के लोगों ने तुकाराम चन्द्रवंशी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि श्री चन्द्रवंशी नियम कायदों को ताक में रखकर काम कर रहे हैं। उन्होने कहा कि समाज के कई लोग सरकारी निर्माण कार्य ऐजेंसियों के ठेकेदार है और निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ मूर्त रूप दे रहे हैं। लेकिन तुकाराम चन्द्रवंशी इन निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए उन्हें कभी खोद रहे है तो कभी तोड़ रहे हैं जो की नियम विरूद्ध है। समाज के लोगों ने कहा कि अगर उन्हें कोई आपत्ति अथवा शिकायत है तो वे या तो शासन-प्रशासन या फिर संबंधित विभाग से शिकायत करें और निर्माण कार्यो की तकनीकी जांच कराएं लेकिन उनके द्वारा ऐसा न कर ठेकेदारों पर झूठे आरोप लगाकर उन्हें बदनाम किया जा रहा है। समाज के लोगों ने यह भी कहा कि तुकाराम चन्द्रवंशी स्वयं राईस मिल, गुड़ फैक्ट्री आदि संचालित करते हैं और इनमें जमकर फर्जीवाड़ा किया जाता है जिसकी शिकायतें भी सामने आई लेकिन कार्यवाही शून्य है।

पहले भी लग चुके हैं कई आरोप

तुकाराम चन्द्रवंशी का विवादों से हमेशा नाता रहा है। वे पूर्व में विधानसभा चुनाव के दौरान भी विवादों में रहे हैं और उनके खिलाफ पार्टी द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई थी। इसके अलावा वे पूर्व में कथित गुणवत्ता विहीन सड़क को उखाड़ने, पंडरिया विधायक के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी जैसे मामलों में भी घिरे रहे हैं। कई बार श्री चन्द्रवंशी पर लेनदेन के भी आरोप लग चुके हैं। हालांकि इन सभी आरोपी की अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई और न ही शिकायदों पर कोई वैधानिक कार्यवाही की गई है।

गीता यादव ने बढ़ाया छग का मानः विजय

डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने भेंटकर दी बधाई



- गीता यादव ने टूर्नामेंट में दागे चार महत्वपूर्ण गोल

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के बोड़ला की बेटी गीता यादव ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी में शानदार प्रदर्शन कर जिले और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की सदस्य गीता ने एशिया कप में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए चार गोल दागे। उनकी इस उपलब्धि पर उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने कवर्धा स्थित अपने निवास कार्यालय में उनसे मुलाकात कर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

भारत ने 13 सितंबर को चीन के खिलाफ खेले गए फाइनल मुकाबले में 1-0 से जीत दर्ज कर लगातार तीसरी बार जूनियर महिला एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।

खेल सुविधाओं व संभावनाओं पर चर्चा

मुलाकात के दौरान विजय शर्मा ने गीता से उनकी खेल यात्रा, अंतरराष्ट्रीय अनुभव, प्रशिक्षण और भविष्य के लक्ष्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से गीता ने यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता क्षेत्र की बेटियों और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस दौरान क्षेत्र में खेल सुविधाओं, बेहतर प्रशिक्षण और स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

एनएच- 30 पर मवेशियों का डेरा स्कॉर्पियो से कुचलकर 2 की मौत

नेशनल हाईवे पर नहीं थम रहे हैं हादसे



- भोरमदेव चौक पर देर रात हुआ बड़ा सड़क हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

नगर के व्यस्त भोरमदेव चौक पर शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे नेशनल हाईवे-30 पर भीषण सड़क हादसा हो गया। चिल्फी की ओर से आ रही स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 28 एल 1799 ने सड़क पर बैठी दो गायों को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित गहरे गड्ढे में जा घुसा। हादसे में दोनों गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि स्कॉर्पियो सवार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के समय सामने से एक ट्रेलर आ रहा था। ट्रेलर की तेज हेडलाइट की रोशनी सीधे स्कॉर्पियो चालक की आंखों पर पड़ने से कुछ समय के लिए उसे सड़क स्पष्ट दिखाई नहीं दी। इसी दौरान सड़क पर बैठी गायें वाहन चालक को नजर नहीं आईं और स्कॉर्पियो सीधे उनसे जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गायों की मौके पर ही मौत हो गई और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा घुसा। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो बैजलपुर क्षेत्र की है।

हाईवे पर मवेशियों का जमावड़ा बना चिंता का कारण

नेशनल हाईवे-30 पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगातार राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। विशेषकर रात के समय हाईवे पर बैठे मवेशी दूर से दिखाई नहीं देने के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर मवेशियों के बैठे रहने की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभागों द्वारा इसे रोकने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों एवं राहगीरों ने प्रशासन से हाईवे से आवारा मवेशियों को हटाने के लिए अभियान चलाने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सड़क पर वाहन चालकों की सुरक्षा के साथ-साथ बेजुबान मवेशियों की जान बचाने के लिए भी ठोस व्यवस्था जरूरी है।

राजिम महासभा के चुनाव में संतोष यदु ने दर्ज की जीत

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी

छत्तीसगढ़ यादव ठेठवार समाज राजिम महासभा के चुनाव में संतोष यदु ने शानदार जीत दर्ज की। उन्हें कुल 194 वोट प्राप्त हुए और उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 86 वोटों के अंतर से पराजित किया। जीत के बाद संतोष यदु ने इसका श्रेय समाज के लोगों के विश्वास, सहयोग और आशीर्वाद को दिया।

संतोष यदु, पिता स्व. निर्भय यदु, का जीवन संघर्ष, मेहनत और समाजसेवा के प्रति समर्पण का उदाहरण रहा है। ग्राम मुजगहन में जन्मे संतोष यदु महज छह वर्ष की उम्र में ग्राम सलोनी आ गए थे। किसान परिवार से जुड़े संतोष ने दूध बेचने और खेती-किसानी के साथ जीवन की कठिनाइयों का सामना किया। जनसेवा के संकल्प के साथ उन्होंने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की और ग्राम पंचायत कोलर पार क्षेत्र में तीन बार निर्विरोध सरपंच चुने गए। इसके बाद उन्होंने सामाजिक नेतृत्व में कदम रखते हुए यादव ठेठवार समाज रायपुर राज के अध्यक्ष का दायित्व संभाला।

वर्तमान में भी वे इस पद पर समाज की सेवा कर रहे हैं। सहज व्यवहार, मिलनसार व्यक्तित्व और समाज के सुख-दुख में सहभागी बनने की उनकी शैली ने उन्हें विशेष पहचान दिलाई है।

जीत के बाद संतोष यदु ने कहा कि यह उनकी व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि पूरे समाज की जीत है। उन्होंने सभी प्रत्याशियों और समाजजनों का आभार जताते हुए कहा कि अब उनका उद्देश्य सभी को साथ लेकर चलना, आपसी एकता व भाईचारा मजबूत करना तथा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करना है।



मनाई गई गांधी जी की 157वीं जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय पाण्डातराई में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महात्मा गांधी के जीवन दर्शन, विचारों और सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया।



कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डीपी चंद्रवंशी ने महात्मा गांधी के जीवन दर्शन और उनके विचारों की प्रासंगिकता पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं, शिवराम सिंह श्याम ने विद्यार्थियों को गांधीजी के सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर महात्मा गांधी के जीवन और विचारों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को तत्काल पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं के साथ सहायक प्राध्यापक डॉ. मुकेश कुमार त्यागी, अतिथि व्याख्याता डॉ. गोविंद ठाकुर, डॉ. राजकुमार वर्मा, डॉ. गजानन साहू, सूर्यभान सिंह, कामता चंद्रवंशी और श्रीमती पूर्वा गुप्ता उपस्थित रहीं।

इसके अलावा महाविद्यालय के कर्मचारी दीपक गुप्ता, चंद्र कुमार जायसवाल, दिनेश राज, विनय शर्मा, संजय मेरावी सहित अन्य की सहभागिता रही। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को गांधीजी के विचारों और आदर्शों से जुड़ने का संदेश दिया गया।

पिपरिया नगर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

2 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत नगर पंचायत पिपरिया में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत पिपरिया घुरूवा राम साहू ने कहा- बढ़ते कदम स्वच्छता की ओर-पिपरिया नगर में चहूं ओर। उन्होंने आगे कहा कि नगर में स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता एक अभियान की भांति के रूप में देखा जा सकता है। आज स्वच्छता दीदियों के द्वारा घर घर कचरा संग्रहण किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

इसके पश्चात स्वच्छता अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 स्थित पैठू तालाब में विशेष स्वच्छता एवं सफाई कार्य किया गया। साथ ही नगर के प्रमुख स्थलों गांधी चौक एवं अटल परिसर में भी विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष घुरूवा राम साहू, उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल, पार्षदगण सोम पटेल, दुर्गेश साहू, प्रेमलाल साहू, चित्रबाहु देवांगन सहित नगरवासी उपस्थित थे।

नगर पालिका कवर्धा क्षेत्र में 10 जुलाई से 20 सितंबर तक किया गया था सर्वे

आबादी पट्टा सत्यापन के लिए 7 दिन का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा आबादी पट्टा वितरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए नागरिकों से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने की अपील की गई है।

पट्टाधृति अधिकार अधिनियम 2023 के तहत नगर पालिका सीमा क्षेत्र में आबादी पट्टा वितरण के लिए 10 जुलाई 2026 से 20 सितंबर 2026 तक सर्वे कार्य किया गया था। सर्वे के बाद अब आबादी पट्टा सत्यापन की प्रक्रिया के लिए संबंधित हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। नगर पालिका द्वारा इस संबंध में मुनादी कराकर आम नागरिकों को जानकारी दी जा रही है ताकि पात्र हितग्राही निर्धारित समय-सीमा में अपने दस्तावेज उपलब्ध करा सकें।

नगर पालिका की सूचना के अनुसार आबादी पट्टा सत्यापन के लिए 20 अगस्त 2017 के पूर्व जारी दस्तावेजों में से उपलब्ध दस्तावेज प्रस्तुत किए जा सकते हैं। इनमें प्रमुख रूप से भारत निर्वाचन आयोग/राज्य निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची, बिजली बिल, टेलीफोन बिल, नगर पालिका का संपत्तिकर/समेकितकर रसीद, जलकर भुगतान रसीद, भवन अनुज्ञा/दुकान अनुज्ञा, अधिनियम के तहत पूर्व में जारी पट्टा, आधार कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस को शामिल किया गया है।



पट्टा सर्वे टीम का बैठक लेकर दिए निर्देश

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा पट्टाधृति अधिकार अधिनियम, 2023 के तहत आबादी पट्टा वितरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में आज नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने आबादी पट्टा सर्वे कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर अब तक किए गए सर्वे कार्य की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से वार्डवार किए गए सर्वे, चिन्हांकित प्रकरणों तथा सर्वे के दौरान सामने आई जानकारी के संबंध में चर्चा की गई। अधिकारियों ने आबादी पट्टा सर्वे से संबंधित दस्तावेजों के परीक्षण एवं सत्यापन की प्रक्रिया को नियमानुसार और गंभीरता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

स्वयं उपस्थित होकर जमा करें दस्तावेज

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने बताया कि वे निर्धारित आवेदन प्रारूप एवं शपथ पत्र के साथ 7 दिवस के भीतर जिला कार्यालय कलेक्टर, कबीरधाम के कक्ष क्रमांक-25 में स्वयं उपस्थित होकर दस्तावेज प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होनें बताया कि आबादी पट्टा सत्यापन की प्रक्रिया के लिए निर्धारित दस्तावेज समय पर प्रस्तुत करना आवश्यक है। इसके लिए नगर क्षेत्र में मुनादी के माध्यम से भी नागरिकों को सूचना दी जा रही है सूचना को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें, ताकि आबादी पट्टा सत्यापन एवं आगे की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके।

मेधावी विद्यार्थी किए गए सम्मानित

- उपमुख्यमंत्री ने प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

ग्राम जिंदा में 2 अक्टूबर को लोधी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लोधी क्षत्रिय समाज कवर्धा राज की ओर से कक्षा 10 वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में कवर्धा विधायक एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर कक्षा 12वीं में 81 प्रतिशत अंक हासिल करने वाली निकिता कौशिक, पिता शत्रुघन कौशिक को लोधी क्षत्रिय समाज कवर्धा राज की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी तरह कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वसुंधरा, पिता दौलत, दुर्गावती, पिता अनूप तथा नितेश, पिता मोरजध्वज को भी सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 10 वीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले चंचल, पिता भेखराम, देवकी, पिता कुंभज, भगवती, पिता ओंमकार तथा राजेश्वरी, पिता बसंत को भी प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को इसी तरह निरंतर मेहनत करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा अपने परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी मेधावी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



खबर संक्षेप

लोग उमस भरी गर्मी से परेशान

कवर्धा। शहर व अंचल में बढ़ती तेज धूप व उमस भरी गर्मी से आम नागरिक को भारी दिक्कते व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

आरपीएस में मनाई गई गांधी व शास्त्री जयंती

कवर्धा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा दोनों महान विभूतियों के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया तथा उनके आदर्शों एवं विचारों को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की और स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। महात्मा गांधी के स्वच्छता, सत्य और अहिंसा के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के आदर्शों को याद करते हुए विद्यालय परिवार ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए।

मंडला से भोरमदेव पहुंचे इंटेक सदस्य, विरासत से परिचय



कवर्धा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के नर्मदा की नगरी मंडला जिले की भारतीय राष्ट्रीय कला एवं सांस्कृतिक विरासत ट्रस्ट के 25 महिला-पुरुषों का दल एक दिवसीय भ्रमण पर आध्यात्मिक गौरव भोरमदेव पहुंचे। इंटेक, भारत में कला, संस्कृति, इतिहास से जुड़े हुए प्राकृतिक एवं मानव निर्मित विरासतों के अध्ययन, संरक्षण एवं इनके प्रति जागरूकता के लिए कार्य करने वाली अखिल भारतीय संस्था है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मंडला अध्याय के संयोजक अरुण अग्रवाल के नेतृत्व में हमारी विरासत सरहद के पार नाम से भ्रमण के लिए पहुंचे। इंटेक कवर्धा अध्याय के संयोजक योगेश्वर राज सिंह के निर्देश और मार्ग दर्शन में इंटेक के स्थायी सदस्य आदित्य कुमार श्रीवास्तव, अन्य सदस्य मोहित खनूजा, असलम नवाज एवं सलमान ने भोरमदेव पहुंचकर उनका स्वागत किया तथा संस्था की ओर से सौजन्य स्वल्पाहार कराया।

आधी रात खण्डसरा चौकी पहुंचे एसपी बंसल, जांची पुलिस की मुस्तैदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

अवैध शराब-जुआ-सट्टा और नशे के खिलाफ सख्ती के निर्देश, लंबित मामलों के शीघ्र निराकरण पर जोर

पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने देर रात पुलिस चौकी खण्डसरा का औचक निरीक्षण किया। अचानक पहुंचे एसपी ने चौकी की व्यवस्थाओं के साथ रात्रिकालीन ड्यूटी की स्थिति जांची। ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारी मुस्तैद मिले। एसपी ने पुलिसकर्मियों को सतर्कता और सुरक्षा के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनरल डायरी, ड्यूटी रजिस्टर, लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान, शिकायतों और जब्ती माल का जायजा लिया। लंबित प्रकरणों और शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन पुलिस व्यवस्था की बुनियाद है। ड्यूटी में लापरवाही और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा और नशीली दवाओं के कारोबार पर सख्ती से कार्रवाई करने को कहा। लंबित स्थायी और गिरफ्तारी वारंटों की तामील सुनिश्चित करने तथा असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। विवेचना समय पर पूरी कर 60 से 90 दिनों के भीतर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत करने पर भी जोर दिया।



रात में गश्त और चेकिंग बढ़ाने कहा

एसपी ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की नियमित जांच के साथ रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग और कॉम्बिंग गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। रात में किसी घटना की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। चोरी और अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए संवेदन शील क्षेत्रों में विशेष निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने रात में ढाबों और होटलों की नियमित जांच करने तथा वहां अवैध शराब की बिक्री या शराब सेवन की सुविधा नहीं होने देने को कहा। इस दौरान चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक कंवल सिंह नेताम, शशांक शर्मा सहित अन्य पुलिस अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे।

चिल्फी में जोन स्तरीय भाषा-गणित प्रशिक्षण

नई पाठ्यपुस्तकों की गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



दाढ़ी जोन के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला चिल्फी में नई पाठ्यपुस्तकों में दी गई गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा चर्चा पत्र में निर्धारित बिंदुओं पर केंद्रित जोन स्तरीय भाषा एवं गणित प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में दाढ़ी जोन के अंतर्गत आने वाले संकुल केंद्र जांता, उमरिया, बालक दाढ़ी, कन्या दाढ़ी, पंचभैया एवं सेमरिया के विद्यालयों से शिक्षकों ने भाग लिया। प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक को प्रशिक्षण के लिए आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षण के जोन प्रभारी जितेंद्र साहू रहे। मास्टर ट्रेनर के रूप में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की स्वरूपा महापात्रे तथा शासकीय प्राथमिक शाला चिल्फी के शिक्षक जय कुमार मालाकार ने शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में हिंदी एवं गणित विषय के साथ नई पाठ्यपुस्तकों में शामिल गतिविधियों को कक्षा में प्रभावी ढंग से लागू करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई।

- कविता के जरिए बच्चों में पठन-लेखन और 21वीं सदी के कौशल विकसित करने पर जोर

प्रशिक्षण की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद मास्टर ट्रेनर स्वरूपा महापात्रे ने शिक्षकों को बताया कि नई पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से बच्चों में निर्धारित दक्षताओं के साथ 21वीं सदी के कौशल किस तरह विकसित किए जा सकते हैं। पठन एवं लेखन कौशल के विकास के लिए गतिविधि आधारित शिक्षण पर जोर दिया गया। कक्षा 2, 3 एवं 4 की नवीन पाठ्यपुस्तकों में शामिल कविताओं के माध्यम से अक्षर ज्ञान, शब्द ज्ञान, वाक्य प्रयोग और तुकांत शब्दों से कविता निर्माण की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण के दौरान 'चींटी' कविता को बच्चों के सामने गतिविधि के रूप में प्रस्तुत किया गया। कविता को पहले हाव-भाव के साथ सुनाया गया, इसके बाद बच्चों ने कविता को दोहराते हुए गतिविधियों में हिस्सा लिया।

कविता में आए कठिन शब्दों को बोर्ड पर लिखकर बच्चों को स्वयं शब्द एवं वाक्य निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद बच्चों को स्वयं कविता निर्माण की दिशा में आगे बढ़ाया गया। इस गतिविधि में बच्चों की सहभागिता को शिक्षकों के लिए सीखने की प्रक्रिया के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया गया।

एनसीएफ, एफएलएन और चर्चा पत्र के बिंदुओं पर हुई चर्चा

मास्टर ट्रेनर जय कुमार मालाकार ने एनसीएफ-एसएफ एवं एनसीएफ-एसई के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए पढ़ने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने, समझ के साथ पढ़ने तथा बच्चों की सीखने की क्षमता को विकसित करने के तरीकों पर चर्चा की। प्रशिक्षण में एफएलएन के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही अक्टूबर माह के चर्चा पत्र में दिए गए विषयों पर शिक्षकों के साथ चर्चा-परिचर्चा की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को यह समझाना था कि नवीन पाठ्यपुस्तकों में 21वीं सदी के कौशलों को ध्यान में रखते हुए गतिविधियां शामिल की गई हैं और इन्हें कक्षा में किस तरह प्रभावी ढंग से कराया जा सकता है। प्रशिक्षण में संकुल समन्वयक मालिक राम साहू (सीएसी उमरिया), जितेंद्र कुमार साहू (सीएसी जांता), खेवेन्द्र सिंह ठाकुर (सीएसी सेमरिया), सुखचंद चंद्राकर (सीएसी पंचभैया), परमेश्वर खड़गे (सीएसी बालक दाढ़ी) एवं दिनेश सत्यवंशी (सीएसी कन्या दाढ़ी) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला चिल्फी के प्रधान पाठक बलदाऊ जायसवाल की भी उपस्थिति रही। राष्ट्रगान के साथ प्रशिक्षण का समापन हुआ।



शिक्षक रत्न 2026 से सम्मानित हुए व्याख्याता भागवत प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आनंदगांव, विकासखंड बेरला के व्याख्याता भागवत प्रसाद बानी को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक रत्न सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ई ए ल टी आ ई सी ए च ए पी टी ई आ र राजनांदगांव द्वारा प्रदान किया गया। भागवत प्रसाद बानी ने अपने 16 वर्षों के सेवाकाल में 1600 से अधिक शिक्षकों को अंग्रेजी भाषा शिक्षण का प्रशिक्षण दिया है। वे डाइट बेमेतरा के साथ ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तर पर प्रशिक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। अंग्रेजी को सरल एवं प्रभावी तरीके से सिखाने, नवाचार और प्रशिक्षण के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें यह सम्मान दिया गया।

- 16 वर्षों में 1600 से अधिक शिक्षकों को दिया अंग्रेजी भाषा का प्रशिक्षण

लाल बहादुर नगर चिचोला, डोंगरगढ़ में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री एवं छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष एमडी ठाकुर थे। उन्होंने चयनित शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। व्याख्याता बानी को सम्मान मिलने पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

- नुक्कड़ नाटक, सामूहिक श्रमदान, स्वच्छता पाठशाला का दिया संदेश

आचार्य पंथ श्री गुंथ मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता एवं स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

अभियान के तहत स्वच्छता शपथ, स्वच्छता अभियान, स्वच्छता विषयक नुक्कड़ नाटक, सामूहिक श्रमदान, स्वच्छता पाठशाला तथा स्वच्छता संदेश आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा ने की। उन्होंने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ अपने घर एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ कविता कन्नौजे ने किया, उनके मार्गदर्शन में रासेयो स्वयंसेविकाओं ने तथा पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ राकेश चंदेल के नेतृत्व में रासेयो स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थें।



राज्य स्तरीय स्पर्धा में बालक टीम ने जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ के तत्वाधान में आयोजित 26 वी बेसबॉल जूनियर राज्य स्तरीय चैंपियनशिप बालक-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर में 2 अक्टूबर को आयोजित हुआ जिसमें नगर के प्रयास स्पोर्ट्स एकेडमी कवर्धा के बालक व बालिका दोनों वर्गों की दल सम्मिलित हुए थे। जिसमें बालक टीम में चंद्रेश कोर्राम, भावेश चंद्रवंशी, सोहम सिंह राजपूत, वासुदेव वैष्णव, शुभम सेन, लक्ष्य लांझी, वासु चंद्रवंशी, प्रेषु चौरसिया, साहिल उर्वसा, पंकज मेरावी ने अपने शानदार प्रदर्शन से रजत पदक प्राप्त कर कबीरधाम जिले का नाम रौशन किए है, वही इस प्रतियोगीता में कोच के रूप में एकेडमी के प्रशिक्षक राजा जोशी, भूपेंद्र गढ़े, संजय मीरे, रवीन्द्र साहू एवं कलेश्वर निर्मलकर का पदक लगाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस प्रतियोगिता में चंद्रेश कोर्राम, पंकज मेरावी, भावेश चंद्रवंशी एवं साहिल का शानदार प्रदर्शन रहा जिन्होंने कबीरधाम टीम को पदक लगाने में अहम योगदान दिए। एकेडमी के बालक टीम द्वारा बेसबॉल जूनियर वर्ग राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रजत पदक लगाने के उपलक्ष्य पर चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी नपाध्यक्ष, एकेडमी अध्यक्ष गणेश तिवारी, संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, निज सहायक नरेंद्र मानिकपुरी, निज सहायक गजराज सिंह राजपूत, पार्षद दीपक सिन्हा, अशोक पब्लिक स्कूल के संचालक पवन देवांगन, वरिष्ठ समाजसेवक अतुल देशलहरा, सदस्य दिनेश वर्गिस, श्याम चकोर सहित समस्त खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

पीजी कॉलेज की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष बने योगेश, भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने किया स्वागत



बेमेतरा। शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेमेतरा की जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पद पर योगेश वर्मा की नियुक्ति की गई है। नियुक्ति की जानकारी मिलने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उनका स्वागत कर बधाई दी। इस अवसर पर योगेश वर्मा ने बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रभारी मंत्री अरुण साव, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू तथा नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के प्रति भी आभार जताया। वर्मा ने कहा कि वे जनभागीदारी समिति के माध्यम से महाविद्यालय के विकास, विद्यार्थियों की सुविधाओं के विस्तार और बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्माण के लिए पूरी जिम्मेदारी एवं सक्रियता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हित से जुड़े विषयों को प्राथमिकता देते हुए महाविद्यालय के विकास के लिए आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।

पेज 7 के शेष

महिलाओं का सम्मान, युवाओं...

करने वाली प्रत्येक विधा की विजेता महिलाओं को मंत्री बघेल ने 11-11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की।

मोदी के 25 वर्ष के सेवा संकल्प का किया उल्लेख : मंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने का उल्लेख करते हुए उनके कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने और वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति मजबूत होने सहित विभिन्न विषयों का उल्लेख किया। मिनी स्टेडियम के लोकार्पण के दौरान मंत्री बघेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरूरत उन्हें सुविधाएं और उचित मंच उपलब्ध कराने की है। उन्होंने कहा कि यह मिनी स्टेडियम नवागढ़ क्षेत्र के युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के साथ प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जनपद पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, सरपंच, महिला एवं बाल विकास अधिकारी रितेश टंडन सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

अवैध शराब बिक्री...

आबकारी एक्ट के तहत पांच अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है। कार्रवाई में सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सोनल ग्वाला, परपोड़ी थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सोनकर, बेरला थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, प्रशिक्षु उप निरीक्षक विजयेन्द्र कुमार कश्यप सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम में सतवन सिंह निराला, गीतांजली, सहायक उप निरीक्षक उदल राम टांडेकर, प्रधान आरक्षक येमन बघेल, आरक्षक पीयूष सिंह, रमेश चंद्रवंशी, सुरेन्द्र जांगड़े, शिव कुमार सेन सहित तीनों थानों का पुलिस बल शामिल रहा।

मतदाता सूची से नाम...

लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर के दौरान देश में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। इसी तरह छत्तीसगढ़ में भी करीब 25 लाख मतदाताओं के नाम काटे जाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की। पूर्व मंत्री ने कहा कि एसआईआर के तहत मतदाता सूची में किए गए बदलावों की प्रक्रिया और उसके आधार की जांच होनी चाहिए। उन्होंने फॉर्म-16 के आधार पर मतदाताओं के नाम हटाए जाने के मामलों की भी जांच की मांग की। चौबे ने कहा कि यदि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर नाम हटाए गए हैं तो इसका सीधा असर चुनाव प्रक्रिया पर पड़ता है। ऐसे में एसआईआर लागू होने के बाद हुए सभी चुनावों की समीक्षा की जानी चाहिए तथा कांग्रेस की मांग है कि पुरानी मतदाता सूची को फिर से लागू किया जाए।उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की भी मांग की। चौबे ने कहा कि तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में दो सदस्यों की ओर से आपत्तियां दर्ज किए जाने के बावजूद मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा लिए गए फैसलों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की निष्पक्षता पर किसी भी प्रकार का संदेह लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

खेत की बाड़ी में गांजा...

18 वर्ष 7 माह, निवासी वार्ड क्रमांक 2 कंदई को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 3 किलो 392 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा एवं नकदी जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मादक पदार्थों की अवैध बिक्री और तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

इनकी रही भूमिका : कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, चौकी प्रभारी देवरबीजा सहायक उप निरीक्षक दीनानाथ सिन्हा, प्रधान आरक्षक विजय साहू, अवधेश सिंह, नंदलाल चतुर्वेदी, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक भुषण ठाकुर, आरक्षक नुरेश वर्मा, इंद्रजीत पांडेय, संजय पाटिल, संजय साहू, जयकिशन साहू, संतोष धीवर, यशवंत यादव तथा चौकी देवरबीजा के आरक्षक रवि साहू, रोशन वर्मा, हीराचंद्र गेन्द्रे, मुकेश राजपूत और मुकेश चंद्रवंशी सहित अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका रही।



खबर संक्षेप

मक्के स्कूल में गांधी जयंती मनाया गई



कवर्धा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में प्रधान पाठिका संकुल समन्वयक एलवीना विलसन, प्रधान पाठक कपूर चन्द्रवंशी, शिक्षक कौशल प्रसाद, युगल किशोर साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थें। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा ड्रॉइंग एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा महात्मा गांधी के जीवन, सत्य, अहिंसा एवं उनके योगदान के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गांधी के आदर्शों एवं देशभक्ति की भावना का विकास करना रहा।

युवा कांग्रेस संगठन चुनाव के बाद बढ़ी हलचल

कोलेगांव। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय पार्टी के युवा संगठन के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब परिणाम को लेकर राजनीतिक हलचल और चर्चाएं तेज हो गई हैं। युवा प्रदेश अध्यक्ष, जिला युवा अध्यक्ष, ब्लॉक युवा अध्यक्ष और विधानसभा युवा अध्यक्ष पद के लिए अलग-अलग दावेदारों ने अपनी दावेदारी पेश की थी। इसके बाद करीब एक माह तक गांव-गांव पहुंचकर 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के माध्यम से ऑनलाइन वोटिंग की प्रक्रिया कराई गई। ऑनलाइन मतदान के दौरान युवा कार्यकर्ता अपने-अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के समर्थन में वोट करते नजर आए। अब मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी की नजरें परिणाम पर टिकी हुई हैं। युवा संगठन में किस दावेदार के पक्ष में परिणाम आता है और किस खेमे को संगठन की जिम्मेदारी मिलती है, इसे लेकर कार्यकर्ताओं के बीच लगातार चर्चा हो रही है। इसी बीच कुंडा ब्लॉक के युवा अध्यक्ष पद को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। इस पद के लिए दो उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की है। दोनों उम्मीदवारों ने अपने-अपने समर्थकों के साथ चुनावी प्रक्रिया में भाग लिया और ऑनलाइन मतदान के माध्यम से समर्थन जुटाने का प्रयास किया। अब परिणाम सामने आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि कुंडा ब्लॉक युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी किसके हाथों में जाती है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत बटार समेत छह ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम

छह गांवों में जल अर्पण, ग्रामीणों ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में जल संरक्षण और पानी के महत्व को लेकर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गत दिवस ग्राम पंचायत बटार सहित जिले के छह गांवों में जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने जल की एक-एक बूंद को सहेजने और जल स्रोतों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। जिले में एक साथ बटार, नेवासपुर, नवरंगपुर, पिपरभट्ठा, मुसुवाडीह एवं पड़कीटोला में जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल संरक्षण, पेयजल के समुचित उपयोग तथा पानी की अनावश्यक बर्बादी रोकने के संबंध में जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि जल जीवन का आधार है और इसके संरक्षण की जिम्मेदारी केवल किसी एक विभाग की नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति और परिवार की है। ग्राम पंचायत बटार में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच भुनेश्वर चंद्राकर, उपसरपंच, पंचायत सचिव, नल-जल ऑपरेटर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। सभी ने हाथ में जल लेकर जल संरक्षण का संकल्प लिया। ग्रामीणों से नल-जल व्यवस्था का आवश्यकता के अनुसार उपयोग करने तथा पेयजल स्रोतों को स्वच्छ रखने की अपील की गई ।

- पानी की बर्बादी रोकने और जल स्रोतों को स्वच्छ रखने का आह्वान

वर्षा जल संचयन अपनाने पर जोर

कार्यक्रम में ग्रामीणों से पानी को व्यर्थ बहने से रोकने, नलों को अनावश्यक रूप से खुला नहीं छोड़ने, कुएं और तालाबों सहित अन्य जल स्रोतों को स्वच्छ रखने तथा वर्षा जल का संरक्षण करने का आह्वान किया गया। साथ ही घरों और सार्वजनिक स्थानों पर वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने की बात कही गई। अधिकारियों ने कहा कि जल संरक्षण को केवल एक दिवसीय कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए इसे दैनिक जीवन की आदत बनाना जरूरी है। प्रत्येक परिवार पानी की बचत को अपनी जिम्मेदारी समझे तो गांवों को जल-सुरक्षित बनाने की दिशा में प्रभावी परिणाम सामने आ सकते हैं।

आंगन मिलन कार्यक्रम में गूंजा पोषण, महिला सशक्तीकरण और बाल विकास का संदेश



बेरला। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम सांकरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-3 में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं ग्रामीणों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता,महिला सशक्तिकरण और बाल विकास से जुड़े विषयों की जानकारी दी गई। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं,सहायिकाओं, रोजगार सहायक एवं मितानिन दीदियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री संध्या परगनिया ने कहा कि स्वस्थ एवं सशक्त परिवार ही मजबूत समाज की नींव है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ बच्चों को बेहतर पोषण और संस्कार उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य तथा पोषण के प्रति जागरूकता को आवश्यक बताया। बेरला मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि आंगन मिलन कार्यक्रम समाज के बीच संवाद स्थापित करने का बेहतर माध्यम है। स्वस्थ मां और स्वस्थ बच्चे से ही स्वस्थ समाज की नींव तैयार होती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को समय पर पौष्टिक आहार और उचित देखभाल मिलना जरूरी है।

कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कामिन साहू, चंद्रलेखा वर्मा, आंगनबाड़ी सहायिका सुनीता साहू, रोजगार सहायक एवं मितानिन दीदियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को सुपरवाइजर सुनीता कुर्रे ने व्यवस्थित रूप से संपन्न कराया। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने और सेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य अर्चना देशलहरे, मीडिया प्रभारी कमल साहू, होलूराम साहू, महिला मोर्चा मंत्री ममता साहू, एससी मोर्चा महामंत्री नैनदास कुर्रे, युवा मोर्चा महामंत्री वेदप्रकाश यादव, किसान मोर्चा सह कोषाध्यक्ष संतोष धनकर, युवा मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी योगेन्द्र साहू, बूथ अध्यक्ष गंगाधर साहू, रश्मि साहू सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

केसतरा में सेवा संकल्प अभियान में दिखा सेवा-संस्कृति का संगम

बेमेतरा। ग्राम पंचायत केसतरा में सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा, संस्कृति, सामाजिक समरसता और जनभागीदारी का संदेश दिया गया। सरपंच लक्ष्मी किशोरीलाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। पंथी नृत्य,रंगोली प्रतियोगिता और कलश यात्रा आयोजन के प्रमुख आकर्षण रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित अभियान के तहत ग्राम में विभिन्न गतिविधियां कराई गईं। क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल के मार्गदर्शन में हुए आयोजन का उद्देश्य ग्रामीणों में सेवा भावना, सामाजिक समरसता और सामूहिक विकास की भावना को बढ़ावा देना रहा । आयोजित पंथी नृत्य प्रतियोगिता में कलाकारों ने छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति और परंपरा की आकर्षक प्रस्तुति दी। कलाकारों की प्रस्तुति को ग्रामीणों ने तालियों के साथ सराहा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी को 500 रुपए, द्वितीय को 200 रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी को 100 रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में ग्रामीण प्रति भागियों ने आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोलियां बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखाई। रंग-बिरंगी रंगोलियों से आयोजन स्थल की सुंदरता बढ़ी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान निकाली गई भव्य कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं ग्रामीणों ने सहभागिता निभाई। पारंपरिक और भक्तिमय माहौल में निकली यात्रा से गांव में उत्साह का वातावरण रहा। कार्यक्रम में उपसरपंच, पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों, युवाओं और बच्चों ने भी भाग लिया। इस दौरान ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास गतिविधियों की जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

सेवा संकल्प अभियान : वार्ड 18 में आंगन मिलन और नेवता भोज



बेमेतरा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर के वार्ड क्रमांक 18 बाजार पारा में आंगन मिलन एवं न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और नागरिकों से आत्मीय मुलाकात कर कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि सेवा किसी एक दिन या अवसर तक सीमित नहीं होनी चाहिए। जरूरतमंदों और समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ खड़े रहना ही सच्ची सेवा है।आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं बच्चों, माताओं एवं परिवारों के बीच रहकर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रही हैं। उनके योगदान का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज में सेवा,समर्पण,सम्मान और सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। आंगन मिलन जैसे आयोजन लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने के साथ आपसी भाईचारे और अपनत्व को बढ़ावा देते हैं। विजय सिन्हा ने कहा कि नगर के विकास के साथ सामाजिक सरोकारों को मजबूत करना भी प्राथमिकता है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान और सहयोग पहुंचे, इसी भावना के साथ आगे भी जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्रम में नेवता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का सम्मान करते हुए उनके सेवाभावी कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया गया।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में सभापति विकास तम्बोली, निशा चौबे, परमिला साहू, आयोजक संयोगिता चौबे, सहायिका हेमलता यादव, सनत साहू, ओजस्वी दुबे, किरण बंछोर, गीता डगर, जमोत्री लहरे, संता साहू, चुनिंता वर्मा, निर्मला सिन्हा, कीर्ति ढीमर, भारती यादव, दशरथ सिंह, भुनेश्वरी ढीमर, सरिता यादव, तुलसी साहू, रंजू साहू, हेमलता निर्मलकर, हेमलता साहू, यामिनी ढीमर, रेवती यादव एवं पूर्णिमा सहित अन्य उपस्थित रहे।

गाड़ाडीह में संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक

बेमेतरा। संकुल स्त्रोत केंद्र गाड़ाडीह में संकुल प्राचार्य सीमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक मन्नू लाल साहू के मार्गदर्शन में संस्था प्रमुखों एवं शिक्षकों की संकुल स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, छात्रवृत्ति, यू-डाइस, ऑनलाइन कार्य, जाति प्रमाण-पत्र, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय, वृक्षारोपण तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक कक्षाओं में पठन, लेखन और गणितीय कौशल विकसित करने तथा कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। लंबित विभागीय कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र विद्यार्थियों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। बैठक में संकुल क्षेत्र के संस्था प्रमुख एवं शिक्षक उपस्थित रहे।



खमरिया महाविद्यालय में नाटक और रंगोली प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ साजा



खमरिया स्थित स्व. ठाकुर महाराज सिंह महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता, रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नाटक एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने '25 वर्षों की सेवा, छत्तीसगढ़ में आए बदलाव' विषय पर सरल, भावनात्मक एवं संगीतमय शैली में प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य एवं महाविद्यालय जनभागीदारी सदस्य चंद्रशेखर सिंह राजपूत, साजा विधानसभा सोशल मीडिया प्रभारी प्रबल किशोर मिश्रा, ओम प्रकाश मरकाम, डॉ. कन्हैया साहू, प्रमोद कुमार, दिलचंद मैत्री एवं विनोद ध्रुव उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए सामाजिक विषयों के प्रति जागरूकता और रचनात्मक अभिव्यक्ति को महत्वपूर्ण बताया।

रंगोली प्रतियोगिता में सोनिका, संध्या, युतिका, निधि, ममता, किरण, सानू, त्रिवेणी साहू, राधिका चंद्राकर एवं लक्ष्मी निषाद ने आकर्षक रंगोली का निर्माण किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कला और रचनात्मकता को बढ़ावा देना रहा।





